<u>कार्यालय जनपद न्यायाधीश, श्रावस्ती</u>
<u>कार्यालय आदेश</u>

संख्या- 201/2025 **दिनाँकः-04.09.2025**

मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, श्रावस्ती द्वारा प्रेषित पत्र संख्या 11 दिनांकित 04.09.2025 के माध्यम से इस आशय का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है कि *"**बारावफात पर्व पर पूर्व में ही 06.09.2025 को अवकाश घोषित है जबकि चन्द्र दर्शन के अनुसार मुस्लिम अधिवक्ता भाइयों के द्वारा अवगत कराते हुये दिनांक 05.09.2025 को बारावफात पर्व मनाये जाने तथा अवकाश घोषित किये जाने की मांग की गई है।**"*

मेरे पूर्वाधिकारी द्वारा पूर्व में पारित **कार्यालय आदेश संख्या 258/2024 दिनांकित 24.12.2024** के द्वारा **दिनांक 06.09.2025 (शनिवार)** को बारावफात का **स्थानीय अवकाश** घोषित किया गया था।

अतः **मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, श्रावस्ती** के **प्रस्ताव दिनांकित 04.09.2025 को स्वीकार करते हुये,** पूर्व में पारित उपरोक्त **कार्यालय आदेश दिनांकित 24.12.2024 द्वारा दिनांक 06.09.2025 (शनिवार)** को **बारावफात** के उपलक्ष्य में घोषित **स्थानीय अवकाश** निरस्त करते हुये दिनांक **05.09.2025 (शुक्रवार)** को जनपद न्यायालय, श्रावस्ती में **बारावफात** के उपलक्ष्य में **स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है।** श्रावस्ती जजशिप में सभी न्यायालय, कार्यालय, अनुभाग तथा ग्राम न्यायालय, इकौना **घोषित अवकाश** [दिनांक **05.09.2025 (शुक्रवार)] के अनुसार बन्द रहेंगे। दिनांक 06.09.2025 (शनिवार) को जनपद न्यायालय श्रावस्ती एवं ग्राम न्यायालय इकौना न्यायिक कार्य हेतु खुले रहेंगे तथा दिनांक 05.09.2025 को** नियत पत्रावलियों की सुनवाई दिनांक 06.09.2025 को की जायेगी।

आदेश की एक प्रति माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, प्रधान न्यायाधीश (कुटुम्ब न्यायालय) श्रावस्ती, जिलाधिकारी, श्रावस्ती एवं पुलिस अधीक्षक, श्रावस्ती को सूचनार्थ प्रेषित की जाये एवं समस्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों के मध्य परिचालित की जाये तथा एक प्रति नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये।

Sd/-
(राकेश धर दुबे)
जनपद न्यायाधीश
श्रावस्ती।
दिनांकः- 04.09.2025

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-</u>

1. महानिबंधक माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद।
2. प्रधान न्यायाधीश (कुटुम्ब न्यायालय) श्रावस्ती
3. जिलाधिकारी, श्रावस्ती।
4. पुलिस अधीक्षक, श्रावस्ती।
5. अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्रावस्ती।
6. विशेष न्यायाधीश (अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम), श्रावस्ती।
7. अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (अनन्य रुप से पाक्सो अधिनियम),श्रावस्ती।
8. मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, श्रावस्ती।
9. व्यवहार न्यायाधीश (प्रवर खण्ड), श्रावस्ती।
10. व्यवहार न्यायाधीश (अवर खण्ड), श्रावस्ती।
11. न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रावस्ती।
12. न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय इकौना, श्रावस्ती।
13. प्रशासनिक अनुभाग, जनपद न्यायालय, श्रावस्ती।

14. प्रभारी अधिकारी नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, श्रावस्ती।
15. प्रभारी अधिकारी अभिलेखागार अनुभाग, जनपद न्यायालय, श्रावस्ती।
16. प्रभारी अधिकारी व्यवहार एवं प्रतिलिपि अनुभाग, जनपद न्यायालय, श्रावस्ती।
17. प्रभारी अधिकारी अमीन अनुभाग, जनपद न्यायालय, श्रावस्ती।
18. प्रभारी अधिकारी पुस्तकालय एवं लेखन सामग्री अनुभाग, जनपद न्यायालय, श्रावस्ती।
19. नोडल ऑफिसर, कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय, श्रावस्ती को इस आशय के साथ प्रेषित की इस आदेश को जनपद न्यायालय श्रावस्ती की वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे।
20. नोडल ऑफिसर डिजिटाइजेशन, जनपद न्यायालय, श्रावस्ती।
21. जेल अधीक्षक, श्रावस्ती / बहराइच।
22. जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल), जनपद न्यायालय, श्रावस्ती।
23. जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी), जनपद न्यायालय, श्रावस्ती।
24. संयुक्त निदेशक अभियोजन, श्रावस्ती।
25. अध्यक्ष / महामंत्री मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, श्रावस्ती स्थान भिनगा।
26. अध्यक्ष / महामंत्री न्यू माडर्न बार एसोसिएशन तहसील जमुनहा, जनपद श्रावस्ती।
27. अध्यक्ष / महामंत्री अधिवक्ता संघ तहसील इकौना, जनपद श्रावस्ती।
28. प्रभारी निरीक्षक सुरक्षा जनपद न्यायालय, श्रावस्ती।
29. कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, श्रावस्ती।
30. बिल अनुभाग जनपद न्यायालय, श्रावस्ती।
31. ई-सेवा केन्द्र जनपद न्यायालय, श्रावस्ती।
32. एक प्रति नोटिस बोर्ड पर।
33. समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।

04/9/2025

(उपेन्द्र श्री राघवेन्द्र)
मुख्य प्रशासनिक अधिकारी
जनपद न्यायालय, श्रावस्ती